**भारत सरकार**

**इलैक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

# राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, हिमाचल प्रदेश

## शिमला दिनांक 19-अगस्त-2023

## हिंदी समिति की बैठक का आयोजन एवं

## एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन

राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं सरकार की राजभाषा नीति के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए केंद्र सरकार के कार्यालयों में वर्ष की प्रत्येक तिमाही में हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन अपेक्षित है।

इस उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र हिमाचल प्रदेश में वित्त वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही (01-जुलाई-2023 से 30-सितम्बर-2023) के दौरान दिनांक 19-अगस्त-2023 को कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक, एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला एवं हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया।




**श्री अजय सिंह चैहल उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी**
**हिंदी कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए**

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के लिए समिति के सभी सदस्यों को पूर्व में सूचित किया गया था, एवं इसी प्रकार से कार्यालय के सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं को हिंदी कार्यशाला व हिंदी संगोष्ठी के आयोजन के लिए भी पूर्व में सूचित किया गया था।

सबसे पहले कार्यालय की हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन पूर्व निर्धारित समय अनुसार किया गया, जिसमें समिति के अध्यक्ष श्री अजय सिंह चैहल एवं तीन सदस्यों श्री अखिलेश भारती, श्री विमल कुमार शर्मा एवं श्री संजय शर्मा ने भाग लिया। समिति की बैठक में एन.आई.सी. हि.प्र. राज्य कार्यालय एवं इस कार्यालय के अंतर्गत समस्त अधीनस्थ कार्यालयों में राजभाषा के प्रयोग की समीक्षा की गयी, एवं यह पाया गया कि, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी के मार्गदर्शन में राज्य कार्यालय एवं सभी अधीनस्थ कार्यालयों में सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं द्वारा कार्यालय में हिंदी का प्रयोग अधिक से अधिक सुचारू रूप से किया जा रहा है।




**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान अन्य कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भाग लेते हुए**

हिंदी कार्यान्वयन समिति की बैठक के पश्चात् हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य कार्यालय एवं समस्त अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया, जिला एवं अन्य कार्यालयों के अधिकारिओं व कर्मचारिओं ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया।

कार्याशाला के दौरान सभी उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने हिमाचल प्रदेश तथा देश के अन्य भागों में इस वर्ष वर्षा ऋतु के दौरान लगभग सभी क्षेत्रों में भयंकर बाढ़ और भू-स्खलन की अत्याधिक

घटनाओं के कारण आई आपदा तथा जान व माल की क्षति के बारे में चर्चा की, कुछ महानुभावों ने इस आपदा के दौरान व्यक्तिगत अनुभव भी संझा किये। सभी ने इस प्रकार की आपदा व अन्य आपदाओं के कारणों तथा इनसे बचावों के सम्बन्ध में विचार प्रकट किये, तथा भविष्य में व्यक्तिगत व सामाजिक स्तर पर उचित कदम उठाये जाने पर भी चर्चा की।

कार्याशाला के दौरान विषय विशेष पर हिंदी में व्याख्यान के तहत इस बार श्री दीपक कुमार, उप निदेशक (आई.टी.) ने “नींद पक्षाघात” विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने नींद पक्षाघात के बारे में पी.पी.टी. के माध्यम द्वारा विस्तार पूर्वक बताया व प्रस्तुति दी, तथा इसके कारण, लक्षण तथा बचाव के उपाए भी बताये।

विषय विशेष पर व्याख्यान की कड़ी के तहत श्री संजय कुमार ने आगामी कार्याशाला के दौरान व्याख्यान प्रस्तुति हेतु अपना नाम स्वेच्छा से दिया, तथा आगामी कार्यशाला के दौरान वह विषय विशेष पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।



**हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान राज्य कार्यालय तथा अन्य अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी गण भाग लेते हुए**

इसके उपरान्त हिंदी-बोध मोबाइल एप के माध्यम द्वारा दो प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी साहित्य, हिंदी व्याकरण, सूचना प्रौद्योगिकी व सामान्य ज्ञान से सम्बंधित प्रश्न थे, तथा प्रत्येक प्रश्नोतरी में 10 प्रश्न पूछे गए। प्रश्नोतरी का संचालन श्री संजय शर्मा ने किया व सभी उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने इसमें भाग लिया, तथा दोनों प्रश्नोतरी के परिणाम संबंधित प्रश्नोतरी के पूरा होने के

पश्चात मोबाइल एप्प पर उपलब्ध थे। इसी दौरान व्याख्यान के सन्दर्भ में भी चर्चा हुई, तथा हिंदी बोध मोबाइल एप्प में व्याख्यान प्रस्तुती पर फीडबैक तंत्र कार्यक्षमता जोड़ने का निर्णय लिया गया।

इसी दौरान आगामी हिंदी पखवाड़ा तथा विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में भी चर्चा हुई, तथा निर्णय लिया गया कि, हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के दौरान हिंदी बोध मोबाइल एप्प के माध्यम से भी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जायेगा, तथा प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी विभिन्न विषयों पर 15 प्रश्न भेजेंगे।

हिंदी कार्यशाला के आयोजन के तत्पश्चात हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भी हि.प्र. राज्य केंद्र एवं अधीनस्थ कार्यालयों के उपस्थित अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं ने भाग लिया।

संगोष्ठी के दौरान श्री अजय सिंह चैहल, राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए तथा सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि, राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठी के दौरान प्रश्नोतरी तथा अन्य व नई गतिविधियाँ जारी रहनी चाहिए, तथा इन गतिविधिओं में सभी को रोचक पूर्ण व निष्ठा भाव से भाग लेना चाहिए।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित सभी महानुभावों ने कार्यालय में हिंदी के प्रयोग को और अधिक सशक्त रूप से जारी रखने सम्बन्धी विचार व अनुभव प्रस्तुत किए, जो कि सभी के लिए अत्यंत उत्साह पूर्ण एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शन के रूप में प्रस्तुत हुए।

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी में निम्नलिखित अधिकारिओं और कर्मचारिओं ने भाग लिया

| **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** | **क्रम सं.** | **अधिकारी / कर्मचारी का नाम** |
|---|---|---|---|
| 1 | अजय सिंह चैहल | 22 | राकेश कुमार |
| 2 | ललित कपूर | 23 | रवि कृष्ण मीना |
| 3 | संदीप सूद | 24 | अनुराग गुप्ता |
| 4 | संजय कुमार | 25 | भूपिंदर पाठक |
| 5 | संजय शर्मा | 26 | अक्षय मेहता |
| 6 | विजय कुमार गुप्ता | 27 | बलवान सिंह |
| 7 | विमल कुमार शर्मा | 28 | बृजेन्द्र डोगरा |
| 8 | दलजीत सिंह राणा | 29 | संजय गुप्ता |
| 9 | संजय कुमार ठाकुर | 30 | प्रत्युल |
| 10 | मंगल सिंह | 31 | अखिलेश भारती |
| 11 | आशीष शर्मा | 32 | पंकज गुप्ता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | सी.एल. कश्यप | 33 | दीपक कुमार |
| 13 | सर्वजीत कुमार | 34 | विजय कुमार |
| 14 | रामनारायण यादव | 35 | मोहन राकेश |
| 15 | अंकिता मिश्रा | 36 | संजीव कुमार कश्यप |
| 16 | पृथ्वी राज | 37 | स्वेतांश शतक |
| 17 | पूजा मान | 38 | संजीव कुमार |
| 18 | जगदीप | 39 | भूपिंदर सिंह |
| 19 | राजेश कुमार यदुभूषणम | 40 | संदीप कुमार |
| 20 | विनय डोगरा | 41 | हमेन्द्र लाल |
| 21 | शंकर लाल | 42 | दीपक कुमार (एम.सी.एच.) |

हिंदी कार्यशाला एवं संगोष्ठी का कार्यक्रम दिन भर जारी रहा, एवं सभी अधिकारिओं एवं कर्मचारिओं नें कार्यालय में राजभाषा के सम्पूर्ण प्रयोग हेतु अपने अपने विचार रखे एवं अपने अपने अनुभव साँझा किये, जो कि सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक थे।